प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
बहराइच।

पत्र संख्या : **SPMU/EMTS/Supportive Supervision/2022-23/** 5615 दिनांक 7 .11.2022

**विषयः सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप/समस्याओं के निराकरण हेतु सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि राज्य स्तरीय सपोर्टिव सुपरविजन टीम द्वारा दिनांकः 26–28 सितम्बर, 2022 को जनपद बहराइच की चिकित्सा इकाइयों का भ्रमण किया गया। दिनांक 28 सितम्बर 2022 को टीम द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डी0पी0एम0यू0 की फीडबैक शेयरिंग मीटिंग में समस्याओं के संबंध में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु फीडबैक साझा किया जा चुका है।

उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि भ्रमण के दौरान टीम द्वारा चिन्हित कमियों के संबंध में सुधारात्मक कार्यवाही कराते हुए अनुपालन आख्या एक सप्ताह में अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीया,
(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक
तद्दिनांक

पत्र संख्या– **SPMU/EMTS/Supportive Supervision/2022-23/**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, बहराइच।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं परिवार कल्याण, गोण्डा।
3. संबंधित महाप्रबंधक, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम., लखनऊ।
4. मण्डलीय/जनपदीय कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, गोण्डा/बहराइच, उत्तर प्रदेश।
5. संबंधित चिकित्सा अधीक्षक, सामु0 स्वा0 केन्द्र बहराइच।
6. संबंधित प्रभारी चि0 अधिकारी, प्रा0 स्वा0 केन्द्र, बहराइच।

(बी0 के0 जैन)
मण्डलीय नोडल अधिकारी
सपोर्टिव सुपरविजन
देवीपाटन

## भ्रमण आख्या जनपद– बहराइच
### दिनांक 26 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2022

भ्रमण दल के सदस्य – श्री0 आर0एस0 चौरसिया– परामर्शदाता– क्वालिटी एश्योरेन्स अनुभाग।
– श्री0 शुभम डिमरी – परामर्शदाता– ई0एम0टी0एस0, अनुभाग।

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 26 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2022 के मध्य जनपद बहराइच की चिकित्सा इकाईयों : प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मटेरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानपारा, उपकेन्द्र परसेन्डी (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर), हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर डीहा , एवं समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र फकरपुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। संबंधित चिकित्सा इकाईयों के प्रभारियों एवं सेवा–प्रदाताओं को सुधारत्मक कार्यावाही हेतु ऑन–साइड हैण्ड–होल्डिग एवं फीडबैक प्रदान किया गया।

दिनांक **28 सितम्बर, 2022** को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर एवं जिला लेखा प्रबंधक द्वारा प्रतिभाग किया गया। भ्रमण के दौरान निम्न कार्यक्रमों/गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना है।

| क्र.सं. | गतिविधि/कार्यक्रम का नाम तथा चिन्हित किये गैप | अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1 | **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मटेरा** | |
| | • मरीजों की प्राइवेसी हेतु आवश्यक इंतजाम नहीं है। वाटर कूलर कियाशील नहीं है।<br>• प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ को बायोमेटिकल वेस्ट मैनेजमेंट एवं इंफेक्शन कंट्रोल हेतु आवश्यक जानकारी का अभाव है।<br>• चिकित्सा इकाई गतवर्ष कायाकल्प अवार्ड विजेता रही है। किन्तु संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक, द्वारा अवार्ड धनराशि से कोई कार्य नहीं कराया गया है। | • प्राइवेसी हेतु पर्दे लगाये जाये है।<br>• बायोमेटिकल वेस्ट मैनेजमेंट एवं इंफेक्शन कंट्रोल हेतु आवश्यक जानकारी हेतु प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाना है।<br>• धनराशि के उपयोग कार्ययोजना तैयार कर गैप क्लोजर किया जाये। |
| 2 | **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानपारा** | |
| | • चिकित्सा इकाई FRU है किन्तु BSU की कियाशीलता नहीं है।<br>• परिवार नियोजन की अस्थाई विधि हेतु छाया (Centchroman) उपलब्ध नहीं है।<br>• स्टरलाइजेशन् RCH परिवार नियोजन एवं काउसिलिगं के स्टैण्डर्ड प्रिंटेंट रजिस्टर्स नहीं है।<br>• Syp Nrvirapine उपलब्ध नहीं है।<br>• न्यूबार्न केयर हेतु बच्चों को लपेटने के लिए तौलिये की उपलब्धता नहीं है।<br>• एडोलेसेन्ट क्लीनिक की सुविधा नहीं है।<br>• वार्ड में स्थापित टेलीविजन खराब है।<br>• चिकित्सा इकाई में पावर बैकअप नहीं है।<br>• आटोंक्लेविंग प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं किया जा रहा है। लेबर रूम में केमिकल इंडिकेटर का प्रयोग नहीं किया जा रहा है।<br>• फ्यूमीगेशन मानकानुसार नहीं किया जा रहा है। जबकि क्वाटिरी अमोनियम् कम्पाउण्ड का उपयोग करते हुये फॉगिंग किये जाने का प्रावधान है। | • BSU की यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाना है।<br>• परिवार नियोजन की अस्थाई विधि हेतु आपूर्ति जनपद स्तर से सुनिश्चित की जाये।<br>• स्टरलाइजेशन् RCH परिवार नियोजन एवं काउसिलिगं के स्टैण्डर्ड प्रिंटेंट रजिस्टर्स उपलब्ध कराया जाये।<br>• एडोलेसेन्ट क्लीनिक की सुविधा हेतु स्टाफ नर्स को नामित कराया जाये।<br>• वार्ड में स्थापित टेलीविजन ठीक कराया जाये।<br>• आटोंक्लेविंग प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये।<br>• फ्यूमीगेशन हेतु क्वाटेनरी अमोनियम कम्पाउण्ड का उपयोग फॉगर मशीन के साथ किया जाये।<br>• ओ0टी0 टेबल का हाइड्रोलिक ठीक कराया जाये।<br>• स्वच्छता का दैनिक आधार पर निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाये। |

| | | |
|---|---|---|
| | • ओ0टी0 टेबल का हाइड्रोलिक सिस्टम खराब है।<br>• चिकित्सालय में स्वच्छता नहीं है। आवश्यक औषधियों एवं पी.पी.ई. की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है। | • EDL के अनुसार आवश्यक औषधियों एवं पी.पी.ई. की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। |
| 3 | उपकेन्द्र परसेन्डी (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर) | |
| | • मार्च से अब तक जननी सुरक्षा योजना के लाभर्थियों का भुगतान नहीं हुआ है।<br>• जन आरोग्य समिति अनटाइड का एकाउण्ट प्रधान के थंब इम्प्रेशन बैक में न होने के कारण कियाशील नहीं है।<br>• CHO का IT एप्लीकेशन का प्रशिक्षण नही है।<br>• उपकेन्द्र (HWC) की EDL-58 औषधि के सोपक्ष मात्र 30 औषधियाँ ही उपलब्ध है। PPE की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है।<br>• केन्द्र पर प्रसव सेवाएं प्रदान की जा रही है किन्तु आटोक्लेब, फुटस्टेप, मकनटोश, आदि उपलब्ध नहीं है।<br>• मर्करी स्चिल एवं ब्लड स्पिल किट उपलब्ध नहीं है। | • लाभर्थियों का लम्बित भुगतान यथाशीघ्र किया जाये।<br>• संबंधित बैंक खातों को क्रियाशील कराते हुए धनराशि का उपयोग सुधारात्मक कार्यो में किया जाये।<br>• IT एप्लीकेशन प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाये।<br>• EDL के अनुसार आवश्यक औषधियों एवं पी.पी.ई. की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।<br>• केन्द्र पर प्रसव सेवाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक उपकरण एवं सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।<br>• मर्करी स्चिल एवं ब्लड स्पिल किट उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। |
| 4 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फकरपुर | |
| | • परिवार नियोजन के साधन अंतरा एवं छाया कई माह से उपलब्ध नहीं है।<br>• JSY लाभार्थियों के 'डाइट' नहीं दी जा रही है।<br>• गर्भवती महिलाओं को आवंटित किये जाने वाली आयरन एवं कैल्सियम लगभग स्टाक आउट है।<br>• ए.एन.एम. को अल्टरनेट वैक्सीन डिलीवरी का भुगतान 2020 से अब तक लम्बित है।<br>• आर.सी.एच. स्टैण्डर्ड रर्जिस्टर्स की प्रिंटेट वर्जन उपलब्ध नहीं है।<br>• आशा संगिनियों का गत 3 माह से इंसेन्टिव लंम्बित है।<br>• गत 2 वर्षो में लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है।<br>• CHO हेतु क्रय की गयी कुर्सी एवं टेवल केन्द्रों पर नहीं है। उन्हें दूसरी तरह की टेबल एवं चेयर दी गयी है। | • परिवार नियोजन की अस्थाई विधि हेतु आपूर्ति जनपद स्तर से सुनिश्चित की जाये।<br>• JSY लाभार्थियों के 'डाइट' की सुविधा यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाये।<br>• आयरन एवं कैल्सियम की उपलब्धता यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाये।<br>• ए.एन.एम. का लम्बित भुगतान यथाशीघ्र किया जाये।<br>• आर.सी.एच. स्टैण्डर्ड रर्जिस्टर्स प्रिंटेट रजिस्टर उपलब्ध कराया जाये।<br>• आशा संगिनियों का लम्बित भुगतान यथाशीघ्र किया जाये।<br>• गत 2 वर्षो में लाभार्थियों का लम्बित भुगतान यथाशीघ्र किया जाये।<br>• CHO हेतु मानकानुसार सामाग्री उपलब्ध करायी जाये। |
| 5 | हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर डीहा | |
| | • इनर्वटर खराब है।<br>• पानी के टैंक एवं वाटर पाइपलाइन टोटियॉ रिपेयर की आवश्यक है।<br>• कैम्प में बडे-बडे गडडे है, जिसके कारण जलभराव की स्थिति रहती है।<br>• उपकेन्द्र प्रसव केन्द्र के रूप में कियाशील है किन्तु मूलभूप उपकरण नही है तथा PPE एवं | • इनर्वटर ठीक कराया जाना है।<br>• पानी के टैंक एवं वाटर पाइपलाइन तथा टोटियॉ यथाशीघ्र रिपेयर कराया जाये।<br>• कैम्पस में मिट्टी का भराव किया जाये।<br>• आवश्यक उपकरणों, PPE एवं औषधियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। |

| | | |
|---|---|---|
| | औषधियों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है।<br>• किसी भी खराब केश की शीट नहीं भरी जा रही है।<br>• प्रसव इकाई के प्रसवों का भौतिक सत्यापन की आवश्यकता है। | • खराब केश की शीट भी भराया जाये।<br>• प्रसव इकाई के प्रसवों का भौतिक सत्यापन किया जाये। |
| 6 | **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कैसरगंज** | |
| | • बायोकेमिस्ट्री रिएजेन्ट गत कई माह से आपूर्ति नहीं है।<br>• CBNAAT क्रियाशील नहीं है।<br>• आशाओं द्वारा मलेरिया स्लाइड नहीं बनायी जा रही है।<br>• प्रमुख क्रिटिकल विभागों में स्पिल किट उपलब्ध नहीं है तथा एल्बोटैब नहीं लगा है।<br>• सभी चिकित्सकों के ओ0पी0डी0 कक्ष में आवश्यक उपकरणः वजन मशीन एवं बी0पी0 इन्स्ट्रूमेंट उपलब्ध नहीं है।<br>• बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता द्वारा सभी कलर की पॉलीवैग उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं।<br>• इमरजेंसी कक्ष में आवश्यक ड्रग ट्रे, क्रैष कार्ट, स्टर लाइज्ड आटोक्लेव मैटेरियल्स उपलब्ध नहीं है।<br>• एम0सी0एच0 विंग में वाटर सप्लाई कनेक्शन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण हैण्ड हाइजीन एवं इंफेक्शन कंट्रोल प्रोटोकॉल्स का अनुपालन नहीं हो पा रहा है।<br>• रिकार्डस पर पेज नं0, प्रभारी द्वारा सत्यापन, वित्तीय वर्ष आदि अंकित नहीं है।<br>• वैक्शीन की आपूर्ति नहीं है।<br>• आयुष्मान भारत के अन्तर्गत बायोमेट्रिक क्रियाशील नहीं है।<br>• गत तीन माह से परिवार नियोजन की अस्थायी विधि हेतु 'छाया' की आपूर्ति नहीं है।<br>• लेबर रूम एवं ओ0टी0 में आटोक्लेविंग में केमिकल इंडिकेटर्स की उपलब्धता नहीं है।<br>• संबंधित विभागों एवं आवश्यक स्थानों पर जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बर्थ कम्पेनियन, निडिल प्रिक इंजरी, स्पिल मैनेटमेंट के पोस्टर नहीं लगे हैं।<br>• चिकित्सा इकाई में मैग्नीशियम सल्फेट इंजेक्शन एवं अन्य आवश्यक औषधियों की उपलब्धता न होने के कारण मरीजों को प्रसव हेतु औषधियाँ बाहर मेडिकल स्टोर से लाना पड़ रहा है | • बायोकेमिस्ट्री रिएजेन्ट की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये ।<br>• CBNAAT क्रियाशील करने हेतु कार्यवाही आपेक्षित है।<br>• आशाओं द्वारा अन्य कार्यो के साथ–साथ मलेरिया स्लाइड भी बनाये जाये।<br>• प्रमुख क्रिटिकल विभागों में स्पिल किट उपलब्ध कराया जाये तथा एल्बोटैब लगाये जाना है।<br>• सभी चिकित्सकों के ओ0पी0डी0 कक्ष में आवश्यक उपकरणः वजन मशीन एवं बी0पी0 इन्स्ट्रूमेंट उपलब्ध कराया जाये।<br>• बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता द्वारा सभी कलर की पॉलीवैग उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यवाही अपेक्षित है।<br>• इमरजेंसी कक्ष में आवश्यक ड्रग ट्रे, क्रैष कार्ट, स्टर लाइज्ड आटोक्लेव मैटेरियल्स उपलब्ध कराया जाये।<br>• एम0सी0एच0 विंग में वाटर सप्लाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना है।<br>• रिकार्डस पर पेज नं0, प्रभारी द्वारा सत्यापन, वित्तीय वर्ष आदि अंकित नहीं है।<br>• वैक्शीन की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।<br>• आयुष्मान भारत के अन्तर्गत बायोमेट्रिक क्रियाशील करने हेतु कार्यवाही अपेक्षित है।<br>• परिवार नियोजन की अस्थायी विधि हेतु 'छाया' की आपूर्ति जनपद स्तर से आपेक्षित है।<br>• लेबर रूम एवं ओ0टी0 में आटोक्लेविंग में केमिकल इंडिकेटर्स की उपलब्धता हेतु कार्यवाही अपेक्षित है।<br>• संबंधित विभागों एवं आवश्यक स्थानों |

| | | |
|---|---|---|
| | जिसके कारण सीजेरियन प्रसव हेतु उन्हें औसतन 4000–5000 व्यय करना पड़ रहा है। | पर जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बर्थ कम्पेनियन, निडिल प्रिक इंजरी, स्पिल मैनेटमेंट के पोस्टर लगाया जाये।<br>• चिकित्सा इकाई में मैग्नीशियम सल्फेट इंजेक्शन एवं अन्य आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये। |

(शुभम डिमरी)
परामर्शदाता– ई0एम0टी0एस0, अनुभाग

(आर0एस0 चौरसिया)
परामर्शदाता, क्वालिटी एश्योरेन्स अनुभाग,
एन0एच0एम0, लखनऊ।

(बी0 के0 जैन)
मण्डलीय नोडल अधिकारी
सपोर्टिव सुपरविजन देवीपाटन